RAF SECTOR

NEWS CLIP

01/07/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran , Lucknow (U.P)

बिजनौर स्थित 91वीं रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की ओर से चंद्रावल स्थित सीबी गुप्ता बीएसएम डिग्री कॉलेज के साथ लखनऊ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व गांव के कई स्थानों पर पौधारोपण किया। प्रभारी कमांडेंट विजय कुमार साहू के साथ आरएएफ जवानों ने 2100 छायादार व फलदार पौधे रोपित किए। इस मौके पर उप कमांडेंट राम प्रकाश यादव, अमरी प्रसाद, सहायक कमांडेंट दामोदर सिंह, संजीव कुमार दुबे और विकास कुमार सिंह मौजूद थे। फोटो सौजन्य • आरएएफ

Prabhat khabar , Ghatshila (JKD)

रैफ 106 के जवानों ने किया पौधरोपण

नरवा. सुंदरनगर थाना क्षेत्र स्थित रैफ 106 बीएन कैंप में कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार, उप कमांडेंट अनामी शरण तथा जय प्रकाश कुमार की देखरेख में पौधरोपण किया गया. यह कार्यक्रम रैफ परिसर एवं गोद लिए गांव कदमडीह, ब्यांगबील, कुदादा तथा परसुडीह थाना क्षेत्र के लाटकुगोड़ा गांव में चलाया गया. कमांडेंट पीके सिंह ने कहा कि रैफ 106 बीएन के पौधरोपण कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्य को पुरा करने के बाद भी पौधरोपण किया जा रहा है. उन्होंने जवानों को लगाये गये पौधों की देखभाल भी करने की बात कही. मौके पर गोद लिए गांव की महिलाएं, पुरुष व बच्चों ने भी कार्यक्रम में जवानों का साथ दिया.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।